अंतराष्ट्रीय योग दिवस तैयारियों को दिया अंतिम रूप

■ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर ई-रिक्शा को रवाना किया

बीकानेर, । ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार प्रातः 6 बजे से स्थानीय डॉ. करणी सिंह स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक और जिला नोडल प्रभारी डॉ. प्रभुदयाल जाट ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। डॉ. जाट ने जिला प्रशासन के निर्देश और स्वयंसेवी संगठनों के समन्वय से योग दिवस समारोह में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की और कहा कि नॉर्म्स के अनुसार सभी व्यवस्थाएं शुक्रवार तक पूर्ण कर लें।

डॉ. जाट ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार-प्रसार के मद्देनजर ई-रिक्शा को आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. घनश्याम रामावत और सहायक निदेशक डॉ जितेन्द्र सिंह भाटी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डॉ सागरमल शर्मा, डॉ. इरशाद रफीक,सहायक लेखाधिकारी राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर शर्मा, वरिष्ठ सहायक गिरीश गौतम,कमल तंवर, प्रद्युमन सिंह, सुमन, पप्पू सिंह, छोटू आदि उपस्थित रहे।

'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित विश्व योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शिविका ग्रुप द्वारा जयपुर रोड स्थित शिविका गार्डन में सामूहिक योगाभ्यास करवाया जाएगा। शिविका ग्रूप की एमडी वंदिता तंवर ने बताया कि 21 जून को प्रातः 6 से 7 बजे तक योगा करवाया जाएगा। पायल शर्मा द्वारा अनेक लोगों को योग प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि आज के दौर में मानसिक व शारीरिक शांति के साथ ही मानव शरीर को रोगों से मुक्त रखने में योग-प्राणायाम बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में योग विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। कुलगुरु डॉ अरुण कुमार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ एन एस दहिया सहित अन्य अधिकारियों और कार्मिकों ने योग शिविर में भाग लेकर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर कुलगुरु ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया के वाक्य को चरितार्थ करने के लिए योग अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में बल्कि मानसिक शांति भी लाभदायक है। उन्होंने सभी कार्मिकों और विद्यार्थियों से योग अपनाने का आ ान किया योग।

शिक्षा समिति देगी छात्रवृति व प्रोत्साहन पुरस्कार

बीकानेर शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति प्रदेश के विभिन्न स्थानों के प्रतिभाशाली 6 छात्रों को छात्रवृति राशि व 23 प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार राशि प्रदान करेगी, समिति के संयोजक महेश भोजक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निणय लिया गया। समिति के आर के शर्मा ने बताया कि श्यामोजी वंशज मूंधाड़ा भोजक ढसेवगानल बगीची में आयोजित बैठक में यह भी निणय लिया गया कि 29 जून को चारभुजा भवन, लाडनूं में प्रातः 11 बजे आयोजित भव्य समारोह में छात्रवृति राशि व प्रोत्साहन पुरस्कार राशि प्रदान कर छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। महेश भोजक ने बताया कि छात्रवृति हेतु बीकानेर के मोनिल भोजक, वंश शर्मा, खुश्बु भोजक व दीपाली शर्मा सहित नागौर के दिव्यम शर्मा और कुचेरा के सुमित शर्मा का चयन किया है । प्रोत्साहन पुरस्कार श्रीगंगानगर की वंशिका, सरदारशहर की मानवी भोजक, परबतसर के मयंक शर्मा, नोखा के केशव सेवग व अंजली सेवग, नागौर की राधिका शर्मा, मेड़तारोड की वंशिका शर्मा व अनिरूद्ध शर्मा, मेड़तासिटी के रोहित, लाडनूं के रोहित भोजक, नौरतन भोजक, निखिल कृष्णा, केटरीना भोजक, कुचेरा के राघव शर्मा, कुचामन सिटी की अनुष्का शर्मा, गोटन की मिनाक्षी, फतेहपुर के हिमांशु भोजक, चूरू की वंशिका भोजक, बीकानेर की निशिता शर्मा, लक्ष्य शर्मा, काव्या शर्मा, कनिष्का शर्मा व अनुज सेवग को प्रदान किये जाएगें । आयोजन के लिये आवासीय व भोजन व्यवस्था लाडनूं के चारभुजा मंदिर पुजारी परिवार उपलब्ध करवा रहा है ।

संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों से लिया फीडबैक

बीकानेर, । जिला स्तरीय जनसुनवाई और जिला जन अभाव अभियोग निराकरण एवं सतर्कता समिति की बैठक गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में हुई। जनसुनवाई के दौरान 138 प्रकरण प्राप्त हुए। वहीं सतर्कता समिति की बैठक में 13 प्रकरणों पर विचार विमर्श किया गया।

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में जुड़कर विभिन्न दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पर दर्ज प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के साथ इनकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मार्च में संपर्क 2.0 पोर्टल प्रभावी होने के बाद कुछ जिलों की जिला स्तरीय सुनवाइयों में आशातीत प्रकरण प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके लिए उन्होंने ऐसे जिलों के जिला कलक्टर्स को प्रकरण समयबद्ध रजिस्टर्ड करने तथा इनके नियम सम्मत निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

मुख्य सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय से प्राप्त होने वाले प्रकरणों को 'फस्ट कम, फस्ट आउट' के सिद्धांत पर समयबद्ध निस्तारित किया जाए। इन कार्यालयों से प्राप्त सबसे पुराने प्रकरणों को सबसे पहले निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि संपर्क 2.0 लागू होने के बाद प्रकरणों के निस्तारण में औसत 15 दिन की बजाय 19 दिन लगने लगे हैं। इसमें पुनः सुधार किया जाए। उन्होंने छह माह से अधिक समय से लंबित 43 प्रकरणों के निस्तारण को सवोच्च प्राथमिकता के निर्देश दिए। इनमें सर्वाधिक दस प्रकरण अजमेर और 8 जोधपुर के हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि बताया कि जोधपुर संभाग के चार जिलों फलौदी, जैसलमेर, बाड़मेर और जोधपुर में प्रकरणों के निस्तारण का औसत समय 22 तथा हनुमानगढ़, झालावाड़, सीकर और डीडवाना में सबसे कम 17 दिन है। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का वास्तविक निस्तारण किया जाए। निस्तारण सिर्फ कागजी नहीं हो। आज के तकनीकी युग में परिवादी को घर बैठे अधिक से अधिक सेवाएं मिल सकें, इस दिशा में कार्य किया जाए।

इस दौरान मुख्य सचिव ने संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर से संभाग के चारों जिलों तथा जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि से जिले में संपर्क पोर्टल से जुड़ा फीडबैक लिया। संभागीय आयुक्त ने बताया कि बताया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रकरणों के निस्तारण के औसत दिन को 228 से घटाकर 24 तथा नगर निगम द्वारा 156 दिन से घटाकर 7 दिन तक पहुंचाया गया है।

जिला कलक्टर ने बताया कि कुछ समय पूर्व तक संपर्क के प्रकरणों का औसत निस्तारण समय 14-15 दिन था। जून में यह औसत घटकर 8 दिन हो गया है। जिला स्तर पर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित रूप से संपर्क प्रकरणों की समीक्षा की जा रही है। मुख्य सचिव ने नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष तथा बीकानेर विकास प्राधिकरण आयुक्त श्रीमती अपर्णा गुप्ता से भी प्रकरण संबंधी फीडबैक लिया।

सतर्कता समिति की बैठक के दौरान मुक्ताप्रसाद नगर निवासी मनीराम के आवासन मंडल की भूमि पर कब्जा और अवैध निर्माण से जुड़े प्रकरण पर चर्चा करते हुए जिला कलक्टर ने आवासन मंडल के अधिकारियों को अगले तीन दिनों में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए पुलिस को आवश्यक जाब्ता उपलब्ध करवाने को कहा तथा निर्देश दिए कि अतिक्रमण निर्धारित समय में नहीं हटने की स्थिति में संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

सूरासर के कल्याण सिंह द्वारा तरमीम के दौरान धांधली की शिकायत की जांच करते हुए सोमवार तक रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश पूगल के उपखण्ड अधिकारी को दिए। बागानाडिया माइनर पर लगे अवैध मोघे और साइफन हटाकर माइनर को सात रोजा चलाने के प्रकरण को आईजीएनपी के मुख्य अभियंता को आवश्यक कार्यवाही के लिए भिजवाने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई। इस दौरान 138 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें पानी, बिजली, अतिक्रमण हटाने, सीमाज्ञान करवाने, नाले साफ करवाने, विद्युत के तार दुरूस्त करने जैसे प्रकरण मुख्य थे। जिला कलक्टर ने सभी प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) रामावतार कुमावत, अतिरिक्त कलक्टर (नगर) रमेश देव, सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) श्रीमती सुमन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वहीं सभी उपखण्ड स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनसुनवाई में जुड़े।

सार-समाचार

योग भी-वोट भी' कार्यक्रम होगा

बीकानेर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त सरकारी कार्यालयों तथा राजकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 'योग भी-वोट भी' कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक एवं समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी के लिए इस संबंध में आदेश जारी किए। इस दिवस पर कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाएं जाने के उपरांत राष्ट्र में स्वस्थ लोकतंत्र के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से 5 मिनट के समय अवधि में 'योग भी-वोट भी' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग भी-वोट भी कार्यक्रम के तहत समस्त अधिकारियों, कार्मिकों, विद्यार्थियों एवं सामुदायिक सहभागिता को मतदाता पंजीकरण, नैतिक एवं अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित कर, मतदाता शपथ दिलवाई जाएगी।

कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से किया संवाद, जल संरक्षण की ली शपथ

बीकानेर, । कृषि, उद्यान विभाग व आत्मा द्वारा 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के तहत गुरुवार को कृषि भवन में किसान कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में मुख्य अतिथि कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि परियोजना निदेशक (आत्मा) मदन लाल रहे। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों से संवाद किया व किसानों के प्रश्नों के उत्तर दिए। संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने जल संरक्षण के महत्त्व को रेखांकित करते हुए किसानों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उप परियोजना निदेशक (आत्मा) ममता, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. केशव मेहरा और स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह गोदारा, डॉ एचएल देशवाल ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उद्यान विभाग द्वारा 'वंदे गंगा, जल संरक्षण जन अभियान' के तहत सूक्ष्म सिंचाई पद्धति प्रर्दशनी का आयोजन किया गया। सूक्ष्म सिंचाई पद्धति प्रदर्शनी में नन्दी पाइप्स के एमआईएस डेमो वाहन के साथ सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र डिस्क फिल्टर, सेंड फील्टर, हाइड्रो साइक्लोन फिल्टर के साथ मिनी फव्वारा व फव्वारा के घटकों का प्रर्दशन किया गया। उप निदेशक (उद्यान) श्रीमती रेणु वर्मा ने किसानों को उद्यान विभाग द्वारा देय अनुदान योजनाओं की जानकारी दी। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने किसानों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति प्रर्दशनी के बारे में बताया। इस दौरान किसानों ने प्रर्दशनी का अवलोकन करते हुए चर्चा की। सहायक निदेशक कृषि उद्यानिकी मुकेश गहलोत ने 'वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान' के तहत जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इसी क्रम में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के तहत कृषि भवन परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया।इस अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी लक्ष्मण सिंह शेखावत, राजेन्द्र पहाडिया, सोमा विश्नोई, देवेन्द्र सिंह, कान्ता मूंड, सोनिया भारतीय किसान संघ अध्यक्ष शम्भू सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं किसान उपस्थित रहे।

सिंधु दर्शन यात्रा के लिये बीकानेर का दल रवाना

बीकानेर। हिमालय परिवार द्वारा आयोजित 29वीं सिंधु दर्शन यात्रा हेतु एक 14 सदस्यीय दल डा. सुषमा बिस्सा के नेतृत्व में बीकानेर से कुरूक्षेत्र के लिये रवाना हुआ । सचिव आर के शर्मा ने बताया कि दल के सदस्यों को पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, पार्षद संजय गुप्ता, बैंक अधिकारी रमाकांत शर्मा ने दल के सदस्यों का माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी । सिंधु दर्शन यात्रा दल के सदस्य कुरूक्षेत्र से मनाली, अटल टनल के रास्ते केलांग, सबसे ऊंचे दर्रे बारलाचा, टेंगलागा, देश के आखिरी पेट्रोल पंप वाले गांव टांगी ढजहां से चंद्र व भागा नदियों का मिलन होता है जो बाद में चेनाब नदी बनती हैल के रास्ते लेह पहुंचेगें और चार दिवसीय सिंधु दर्शन यात्रा के कार्यक्रम में भाग लेगें । इस दौरान पेंगांग लेक व स्थानीय भ्रमण किया जाएगा । वापसी में दल के सदस्य कारगिल होते हुए श्रीनगर के रास्ते जम्मू पहुंचेगें । दल में नरेश अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, उमेश थानवी, अर्चना थानवी, दिनेश महर्षि, प्रदीप शर्मा, मधु शर्मा, राजीव मिततल, अंजली मित्तल, आनंद शर्मा, कांता शर्मा, सत्यनारायण शर्मा व मंगत तनेजा शामिल है । रेल्वे स्टेशन पर दल के सदस्यों के अलावा रोहिताश्व बिस्सा, अनामिका व्यास, आरूही, ओजस्वी बिस्सा सहित हिमालय परिवार एडवेंचर फाउण्डेशन के अनेक सदस्य उपस्थित थे ।

जल जिंदगानी है इसका मूल्य जाने : पासवान

बीकानेर , पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश पासवान ने आज वन्दे गंगा जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत जल के महत्व एवं उपयोगिता के लिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रेरक भूरमल सोनी द्वारा तैयार किए गए पानी की बूंदों के कट आउट एवं पोस्टरों अवलोकन कर सराहना करते हुए कहा कि जल जीवन ही जिंदगानी है इसे व्यर्थ न बहाएं। पानी का मूल्य पहचाने। पुलिस महानिरीक्षक को कलाकार मुकेश जनागल ने उनका पेन्सिल स्केच बनाकर दिया। आईजीपी हूबहू अपना स्केच देखकर अभिभूत हुए।

1000 करोड़ खर्च, 25 प्रतिशत शहर में सीवरेज नहीं

बीकानेर, शहर लगातार विस्तार कर रहा है। आरयूआईडीपी से लेकर अमृत-1 और अमृत-2 में तमाम काम हुए। सीवरेज बिछाने पर अब तक करीब 1000 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं फिर भी शहर के 25 प्रतिशत हिस्से में सीवरेज नहीं है। पूरे शहर में सीवरेज बिछाने के लिए अभी भी करीब 450 से 500 करोड़ रुपए और चाहिए। हाल ही में शहरों की दशा सुधारने के लिए राज्य सरकार ने 3000 करोड़ का बजट तय किया है। उसमें से बीकानेर 150 करोड़ रुपए के प्रस्ताव बना रहा है। इससे मुरलीधर व्यास जोन में सीवरेज का पूरा काम किया जाएगा।

दरअसल बाहरी इलाकों में कई कॉलोनियों में सीवरेज नहीं है। प्राइवेट कॉलोनियों में तो सीवरेज का नामोनिशान नहीं है जबकि प्राइवेट कॉलोनाइजर्स को खुद सीवरेज बिछाकर देनी होती है बीडीए की ओर से खुली छूट के कारण प्राइवेट कॉलोनाइजर्स कहीं भी सीवरेज नहीं बिछाते। इसके अलावा कुछ स्थानों पर पुरानी सीवर लाइने जर्जर हो चुकी हैं। ऐसे में करीब 25 प्रतिशत इलाका ऐसा है जिसमें सीवरेज का अभाव है। इसमें करमीसर एरिया, लक्ष्मीनाथ मंदिर से नीचे का इलाका, रानीबाजार का कुछ हिस्सा और जयपुर रोड पर तो लंबा चौड़ा एरिया है जहां सीवरेज नहीं है। अमृत-2 में लगभग 260 करोड़ रुपए के काम चल रहे हैं। इससे कुछ एरिया कवर किया जा रहा है। फिर भी 25 प्रतिशत इलाके लिए बजट चाहिए।

सरकार ने हाल में 3000 करोड़ रुपए शहरों की दशा सुधारने के लिए जो बजट तय किया उसमें बीकानेर नगर निगम ने 150 करोड़ रुपए का प्रस्ताव किया है। इसमें मुरलीधर जोन में सीवरेज बिछाने के साथ ही सरेहनथानिया में एक 22 एमएलडी एसटीपी प्लांट, घरों के कनेक्शन और सोलर प्लांट लगाने का प्रस्ताव तैयार किया है।

शहरभर में अमृत 2 के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। पूरा शहर खुदा पड़ा है। मानसून को सिर्फ 10 दिन बाकी है। पेचवर्क अभी भी अधूरा है। कुछ जगह शुरूआत तो की है मगर प्री-मानसून की आहट भी शुरू हो चुकी है। अगर पेचवर्क नहीं हुआ और गडढों में पानी भरा तो बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। चिंता की बात यह है कि 30 मई तक कीर्ति स्तंभ से जूनागढ़ तक पेचवर्क करने के आदेश थे लेकिन आज तक पेचवर्क नहीं हुआ। ये वही इलाका है जहां सवोधिक पानी भरता है। बनाए गए प्रस्तावों के तहत सबसे ज्यादा पैसा सीवरेज पर खर्च होगा।

शराब की दुकान खोलने का विरोध

बीकानेर, यहां जूनागढ़ के पास शराब की दुकान खोले जाने का पुरानी गिन्नाणी मोहल्लेवासियों ने विरोध किया है। जूनागढ़ के पास पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र में शराब की दुकान खोली गई है। सुबह जब दुकान खोली गई तो मोहल्ले के लोगों को इसका पता चला। कुछ ही देर में पुरानी गिन्नाणी क्षेत्र के मोहल्लावासी शराब की दुकान पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

सूचना मिलने पर सदर थाना और आबकारी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बाद में मोहल्लावासी कलेक्ट्रेट पहुंचे और शराब की दुकान खोलने का विरोध किया। उनका कहना था कि क्षेत्र में तीन मंदिर हैं। राजकीय पार्क और प्रौढ़ शिक्षा समिति है। यहां शराब की दुकान खोलने से शांति व्यवस्था बिगड़ेगी। बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ेगा और रिहायशी इलाका होने के कारण आमजन को परेशानी होगी।

एक मुश्त समाधान योजना से जुड़े दिशा निर्देश जारी

■ मूलधन के जमा कराने वाले लाभार्थी साधारण ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज की छूट

बीकानेर, । राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड निगम की परियोजना प्रबंधक श्रीमती कविता स्वामी ने बताया कि ऋण चुकाने में राहत के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसएफचीसी), राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकारा निगम (एनएसटीफडीसी) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम (एनएसकेएफडीसी) राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम (एनडीएफडीसी) एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं में स्वीकृत ऋण के ऋणी शामिल होंगे। स्वामी ने बताया कि इन योजनाओं के अंतर्गत 31 मार्च 2024 तक अतिदेय मूलधन के जमा कराने वाले लाभार्थी साधारण ब्याज एवं दण्डनीय ब्याज की छूट के लिए पात्र होंगे। यह योजना 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी।

उन्होंने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना' का लाभ लेने के लिए, अतिदेय मूलधन जमा कराने की अवधि 1 मई से 30 सितंबर तक होगी। योजना की निर्धारित अवधि 1 मई से 30 सितंबर में 31 मार्च 2024 को अतिदेय मूलधन जमा कराने वाले ऋणी का अतिदेय ब्याज एवं शास्ति माफ की जाएगी। एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लेने के लिए 31 मार्च 2024 को अतिदेय मूलधन एवं ब्याज जमा कराने की अवधि 1 अक्टूबर से 31 दिसंबर तक होगी।

छात्रा के गलत दस्तावेज अपलोड किए

श्रीगंगानगर। जिले के सूरतगढ़ क्षेत्र के चक 22 एलजीडबूयू स्थित एसएस कॉलेज स्पेशल एजुकेशन में पढ़ रही स्पेशल बीएसटी की एक छात्रा के दस्तावेज विश्वविद्यालय परीक्षा के लिए गलत अपलोड करने का मामला सामने आया है। इसके बाद आज कॉलेज गेट के सामने छात्रों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

छात्रा के परिजनों के साथ ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कॉलेज प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए और धरना देकर विरोध प्रदर्शन करके कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

छात्रा के चाचा प्रहलाद बिश्नोई ने बताया कि उनकी भतीजी ने सत्र 2023-24 में कॉलेज में नियमित रूप से प्रवेश लिया था और समय पर अपने सभी सही दस्तावेज जमा करवाए थे। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने उन्हीं की भतीजी के नाम, पिता के नाम और जन्मतिथि के साथ एक अन्य छात्रा के दस्तावेज विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर दिए।

इससे दोनों छात्राओं की पहचान मिल गई और बड़ी गड़बड़ी हो गई। उन्होंने बताया कि इस गलती की जानकारी कॉलेज को समय रहते दे दी गई थी, लेकिन बावजूद इसके न तो दस्तावेजों में सुधार करवाया गया और न ही विश्वविद्यालय स्तर पर कोई समाधान हुआ। प्रहलाद बिश्नोई ने आरोप लगाया कि प्रथम वर्ष की परीक्षा भी कॉलेज प्रशासन ने बिना दस्तावेज सुधार के दिलवा दी,।

योग ने बनाई वैश्विक स्तर पर पुनः पहचान

बीकानेर। वर्तमान जीवन शैली व आधुनिक खान पान के कारण जीवन में विशेषकर कर युवाओं में आने वाली समस्याओं जैसे स्वास्थ्य , अवसाद तथा अन्य ब्याधियों को योग के ज़रिये काबू में पाया जा सकता है । ये विचार प्रसिद्ध व्यायाम शिक्षक रियाजुद्दीन अंसारी ने व्यक्त किये । वे आज यू एस अकादमी सभागार में योग व युवा विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में छात्रों व युवाओं को सम्बोधित कर रहे थे । प्रसिद्ध योग गुरु महेश सोनी ने कहा की योग अब अंतराष्ट्रीय स्तर युवाओं को आकर्षित कर रहा है तथा यह वैश्विक स्तर पर अपनी प्रमाणिकता सिद्ध कर रहा है । राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद , शिक्षा मंत्रालय , भारत सरकार तथा नवयुवक कला मंडल बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया।

नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों का होगा मनोनयन

■ नागरिक सुरक्षा नियंत्रक एवं जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि इसमें नागरिक सुरक्षा का दस दिवसीय बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि में किसी प्रकार का भत्ता अथवा मानदेय नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि

बीकानेर, । नागरिक सुरक्षा निदेशालय के निर्देशों की अनुपालना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित नवीनीकृत बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण के लिए जिले से नए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (जो अवैतनिक होंगे) का मनोनयन कर जिला स्तर पर बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा।

नागरिक सुरक्षा नियंत्रक एवं जिला कलक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि ने बताया कि इसमें नागरिक सुरक्षा का दस दिवसीय बुनियादी एवं सेवा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

प्रशिक्षण अवधि में किसी प्रकार का भत्ता अथवा मानदेय नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान तैराक, गोताखोर, वाहन चालक, कम्प्यूटर ऑपरेटर मय टाइपिस्ट, सामान्य-एनसीसी-स्काउट, आईटीआई प्रशिक्षित, राज्य कर्मचारियों और भूतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में विशेष योग्यता प्राप्त नागरिकों को वरियता दी जाएगी। आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड, जन्म तिथि प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र, मूल निवास, दक्षता एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करनी होगी। उन्होंने बताया कि आवेदन 20 से 26 जून तक आवेदन किए जा सकेंगे।

कैरियर काउंसलिंग 26 को

बीकानेर, श्रीमती पाना देवी मेघवाल, प्रधान ट्रस्टी, भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के निर्देशन में 26 जून को कैरियल काउंसलिंग का आयोजन होगा रविशेखर मेघवाल ने सांसद सेवा केन्द्र बीकानेर में 26 जून को भावना मेघवाल मेमोरियल ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया। मेघवाल ने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को बताया कि इस कार्यक्रम में इस वर्ष कक्षा दसवीं और बारहवीं में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं के कैरियर काउंसलिंग की जायेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सुचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 09.07.2025 को 15:00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है: **निविदा संख्या:** 65, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/भिवानी के अधिकार क्षेत्र में सीएमएस क्रॉसिंग और टंग रेल का पुनर्निर्माण, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs. 4362204.81, **धरोहर राशि:** Rs. 87300.00, **निविदा संख्या:** 66, **कार्य का नाम व स्थान:** सहायक मण्डल इंजीनियर/सिरसा के अधीन सिरसा स्टेशन पर पुराने स्टील टैंक के बदले में 225 केएल ओएच टैंक और संबंधित कार्यों का प्रावधान, **अनुमानित लागत मूल्य:** Rs.6727183.92, **धरोहर राशि:** Rs. 134600.00, **नोट:** अन्य शर्तें रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

716-PS/25

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

व्याख्याता भर्ती परीक्षा 23 से

श्रीगंगानगर, । राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा स्कूल व्याख्याता व कोच पदों के लिए होने वाली सीधी भर्ती परीक्षा जिले के 26 केंद्रों पर 23 जून से 28 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के नोडल अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन सुभाष कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के सफल व सुचारू संचालन के लिए कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 17 में जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इसका दूरभाष नंबर 0154-2445067 तथा 8387827160 रहेगा। यह कंट्रोल रूम 21 जून से 28 जून तक संचालित रहेगा। परीक्षार्थी किसी प्रकार की समस्याए जानकारी या सूचना आदि के लिए नियंत्रण कक्ष में संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा सहसमन्वयक भूपेश शर्मा ने बताया कि 6 दिन दो पारियों में आयोजित होने वाली इस परीक्षा को दो ग्रुप में विभाजित किया गया है। इसमें 23 तारीख को ग्रूप-ए के लिए सामान्य अध्ययन तथा 26 जून को ग्रूप-बी के लिए जीके का पेपर होगा।

शिक्षकों की मांगों को लेकर रेसटा ने शिक्षा निदेशालय पर किया प्रदर्शन,

■ महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में हुई परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद पदस्थापन नहीं हुए है इसलिए जल्द ही इनके पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू करवाई जाएं साथ ही तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षकों को भी नियुक्ति दी जाएं एवं शिक्षा विभाग में तबादलों हेतु

बीकानेर । शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर के मुख्य प्रशासनिक भवन पर प्रदर्शन करके स्टाफ ऑफिसर डॉ.अशोक कुमार शर्मा, उप निदेशक (प्रशासन) वीणा सोलंकी को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में हुई परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद पदस्थापन नहीं हुए है इसलिए जल्द ही इनके पदस्थापन की प्रक्रिया शुरू करवाई जाएं साथ ही तृतीय श्रेणी शारीरिक शिक्षकों को भी नियुक्ति दी जाएं एवं शिक्षा विभाग में तबादलों हेतु हेतु स्थाई तबादला नीति बनाई जाएं जिसमें विधायकों/जन प्रतिनिधियों की डिजायर प्रथा को बंद किया जाएं साथ ही तीन सत्रों की वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता की तीन सत्रों की बकाया पदोन्नति व अध्यापक से वरिष्ठ अध्यापक की बकाया सभी सत्रों पदोन्नति अतिशीघ्र करवाने व समग्र शिक्षा के कार्यालय के 1382 पदों के लिए इंटरव्यू का परिणाम नौ माह बाद से अधिक का समय होने के बाद भी जारी नहीं हुआ है इसलिए परिणाम जल्द जारी करवाने, कंप्यूटर अनुदेशकों का पदनाम कंप्यूटर शिक्षक करने व केडर की पुनः समीक्षा करवाकर केडर संशोधन व विस्तार ह